an>

Title: Need to introduce flight either on Udaipur-Jaipur-Kolkata or Udaipur-Jaipur-Mumbai route.

श्री अर्जुन लाल मीणा **(उदयपुर):** उदयपुर शहर दक्षिणी राजस्थान का महत्वपूर्ण शहर है। यह देश का एवं विश्व में ऐतिहासिक एवं पर्यटन की नगरी होने के कारण यहाँ पर वर्ष में लाखों देशी एवं विदेशी पर्यटक घूमने के लिए आते हैं। राजस्थान का कश्मीर के नाम से विख्यात यह शहर "झीलों की नगरी" के नाम से भी जाना जाता है। उदयपुर से प्रदेश की राजधानी जयपुर आने-जाने के लिए नियमित कोई फ्लाइट नहीं है।

अतः माननीय उड्डयन मंत्री जी से मेरा आग्रह है कि उदयपुर से जयपुर-कलकत्ता के लिए या उदयपुर से जयपुर-मुम्बई के लिए फ्लाइट संचालित करायी जाए।